प्रकाशक
प्रधानमन्त्री—
लालचंद कोठारी
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बीकानेर।

प्रथमावृत्ति
वि० सं० २०१७
मूल्य ३) रु०

मुद्रक—
महावीर प्रेस
किनारीबाजार,
आगरा।

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री के. एम. पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषतः राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वांगीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारंभ से ही मिलता रहा है।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख हैं—

१. विशाल राजस्थानी हिन्दी शब्दकोश

इस संबंध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, [illegible] समय से प्रारंभ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं। यह एक अत्यंत विशाल योजना है जिसकी संतोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारंभ करना संभव हो सकेगा।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है। अनुमानतः पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं। हमने लगभग दस हजार मुहावरों का हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर संपादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबंध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिए भी एक गौरव की बात होगी।

३ आधुनिक राजस्थानी प्रकाशन रचनाओं का प्रकाशन

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—

१ कळायण, ऋतु काव्य। ले० श्री नानूराम संस्कर्ता
२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले० श्री श्रीलाल जोशी
३ बरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले० श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कविताएँ कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते हैं।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो सका है। इसका भाग ५ अङ्क ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अङ्क एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य-सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अङ्क १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और बृहत् विशेषांक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व ग्राहक हैं। शोधकर्ताओं के लिये 'राजस्थान भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तम स्वामी और श्री अगरचन्द नाहटा की बृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

४ राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन महत्त्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत हिंदी और राजस्थानी के महत्त्वपूर्ण ग्रंथों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

१ पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्त्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७ राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उसका महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य 'क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८ राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९ मारवाड़ क्षेत्र के ५ लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकड़ों लोकगीत घूमर के लोकगीत बाल लोकगीत लोरियां और लगभग ७ लोक कथाएँ संग्रहित की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती में प्रकाशित किए गए हैं।

१० बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११ बसंत प्रयोध, मुहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान-भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३ जैसलमेर के अप्रकाशित १ शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४ बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा. लुइजि पिओ टैसीटोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६ बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा. वासुदेवशरण अग्रवाल, डा. कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा. जी. रामचन्द्रन, डा. सत्यप्रकाश, डा. डब्लू. एलेन, डा. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा. तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

ए श्री मनोहर शर्मा एम ए विशारद और पं श्रीलालजी मिश्र एम ए, शोध थे।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवन-काल में संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह संभव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा सन्दर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चय ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त कराना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना संभव नहीं हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु १५) इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु १) तीस हजार की सहायता राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस व[र्ष]
निम्नोक्त ११ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१ राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३ अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४ हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५ पद्मिनी चरित्र चौपई—	" "
६ दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७ डिंगल गीत—	"
८ पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९ पृथ्वीराज राठौड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१ हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११ पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२ महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३ सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४ जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५ सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो॰ मंजुलाल मजूमदार
१६ जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७ विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	" "
१८ कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९ राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ वीर रस रा दूहा—	"
२१ राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२ राजस्थान व्रत कथाएं—	" " "
२३ राजस्थानी प्रेम कथाएं—	"
२४ चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ मदुमी— — श्री अगरचन्द नाहटा, म० विनयसागर

२६ जिनहर्ष ग्रंथावली — श्री अगरचन्द नाहटा

२७ राजस्थानी हस्तलिखित ग्रंथों का विवरण — ,, ,,

२८ दम्पति विनोद — ,,

२९ हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य — ,,

३० समयसुन्दर रासत्रय — श्री भंवरलाल नाहटा

३१ दुरसा आढा ग्रंथावली — श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा डा दशरथ शर्मा) ईसरदास ग्रंथावली (संपा बदरीप्रसाद साकरिया) रामरासो (प्रो गोवर्द्धन शर्मा) राजस्थानी जैन साहित्य (ले श्री अगरचन्द नाहटा) नागदमण (संपा• बदरीप्रसाद साकरिया), मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है ।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा ।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविकास सचिवालय के आभारी हैं जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन एड की रकम मंजूर की ।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है । अत: हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं ।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया जिससे हम इस गहन कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके । संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी ।

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष निम्नोक्त २४ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१ राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३ अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४ हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५ पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,,
६ दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७ डिंगल गीत—	,, ,,
८ पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठौड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१० हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११ पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२ महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३ सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४ जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५ सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो. मंजुलाल मजूमदार
१६ जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७ विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	,, ,,
१८ कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९ राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२० वीर रस रा दूहा—	,,
२१ राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२ राजस्थान व्रत कथाएं—	,, ,,
२३ राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,,
२४ चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ मत्रुमी— श्री अगरचन्द नाहटा
म. विनय सागर
२६ जिनहर्ष ग्रंथावली श्री अगरचन्द नाहटा
२७ राजस्थानी हस्तलिखित ग्रंथों का विवरण ,,
२८ दम्पति विनोद ,, ,,
२९ हीयाळी-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य
३० समयसुन्दर रासत्रय श्री भंवरलाल नाहटा
३१ दुरसा आढा ग्रंथावली श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा. डा. दशरथ शर्मा) ईसरदास ग्रंथावली (संपा. बदरीप्रसाद साकरिया) रामरासो (प्रो. गोवर्द्धन शर्मा) राजस्थानी जैन साहित्य (ले. श्री अगरचन्द नाहटा) नागदमण (संपा. बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया जिससे हम इस महद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व पूर्णचन्द नाहर संग्रहालय कलकत्ता जैन भवन संग्रह कलकत्ता महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजान्ची पुस्तकालय बीकानेर खरतर आचार्य ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा मुनि पुण्यविजयजी मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री पं हरदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का संपादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वापि भवत्येव प्रमादतः हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुन: मां भारती के चरण कमलों में विनयतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुन: उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक
लालचन्द कोठारी
प्रधान-मंत्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
सं २ १७
दिसम्बर ३ १९६१

दो शब्द

नीति का क्षेत्र बड़ा ही विशाल एवं विस्तृत है। इसे सदाचार के अन्तर्गत लिया जा सकता है। दूसरे शब्दों में इसे हम सदाचरण का शास्त्र या आचार शास्त्र (Ethics) भी कह सकते हैं।

प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में नीतिशास्त्र शब्द का प्रयोग प्रायः राज नीति शास्त्र के विषय में किया गया है। कर्त्तव्य अकर्त्तव्य के विवेचन के शास्त्र को धर्मशास्त्र की संज्ञा दी गई है। लेकिन आजकल इस आधुनिक युग में 'नीति' शब्द ही में कर्त्तव्य अथवा सदाचरण का भी समावेश किया जाता है।

[1]नीति की परिभाषा हमें इस प्रकार पढ़ने को मिलती है—

'पथ-प्रदर्शन। चाल-चलन। शील। युक्ति, उपाय।

राज्य की रक्षा के लिए काम में लायी जाने वाली युक्ति; राजाओं की चाल जो वे राज्य की प्राप्ति अथवा रक्षा के लिए चलते हैं। आचार पद्धति लोक या समाज के कल्याण के लिए निर्दिष्ट किया हुआ आचार व्यवहार। प्राप्ति। दान। सम्बन्ध। सहारा।

नीति को लेकर बड़े बड़े महापुरुषों एवं संतों ने अपने अपने स्वतंत्र विचार व्यक्त किए हैं। वे सारे के सारे तो यहाँ दिए भी नहीं जा सकते। फिर भी हम यहाँ उनमें से कुछ थोड़े से पाठकों की जिज्ञासा हेतु प्रस्तुत कर रहे हैं।

जो कर्म भगवान के नजदीक ले जाने में मदद करे उसे नीति कहते हैं'—श्री महा चैतन्य

---

1 संस्कृत-शब्दार्थ-कौस्तुभ'—

सम्पादक—स्वर्गीय चतुर्वेदी द्वारकाप्रसाद शर्मा

'देव को मानना और उसे पसन्द हो वही करने का नीति कहते हैं।
—श्री ब्रह्म चैतन्य

'नीति ही राजा है और नीति ही कानून है।
—श्री विवेकानन्द

अहंकार ही अनीति है व विश्व व्यापकता ही नीति है।
—श्री विवेकानन्द

इस प्रकार हम कह सकते हैं—नीतिशास्त्र वह शास्त्र है जिसमें देश काल और पात्र के अनुरूप व्यवहार करने के नियमों का निरूपण किया किया गया हो। अथवा ऐसा शास्त्र जिसमें मनुष्य-समाज के हित के लिए देश काल और पात्र के अनुसार, आचार, व्यवहार, प्रबन्ध एवं शासन का विधान हो।

हमारे विचारों में व्यक्ति के परिस्थिति सापेक्ष आचारों से सम्बन्धित तत्व-दर्शन को यदि 'नीति' की संज्ञा दी जाय तो कुछ अनुचित नहीं होगा। ये व्यक्ति के आचार जिस तरह भिन्न-भिन्न प्रकार के हो सकते हैं, उसी तरह उनके तत्व-दर्शन की दृष्टि भी कई प्रकार की हो सकती है। व्यक्ति के आचार जैसे धार्मिक राजनीतिक आर्थिक आदि कई प्रकार के हो सकते हैं ठीक इसी प्रकार से इनका विवेचन करने वाले विषय भी धार्मिक-शास्त्र राजनीति-शास्त्र अर्थशास्त्र आदि कई प्रकार के नामों से अभिहित होते हैं।

नीति के विषय में महात्मा [1]गांधी लिखते हैं—

और कोई आदमी धर्म विशेष को माने या न माने पर वह नीति के नियमों का पालन न कर सके तो ऐसे आदमी के लिए इस लोक या परलोक में अपना या दूसरे का भला नहीं होने का।

---

१ धर्म नीति—

महात्मा गांधी पृष्ठ १२

१ आगे लिखते हैं—

'मनुष्य को नीति का पालन करना ही चाहिए और यह न हुआ तो दुनिया का विधान व्यवस्था टूट जायेगी और अन्त में भारी हानि होगी।'

थोड़े में हम कह सकते हैं—नीति के इन नियमों अथवा 'शिष्टाचार' को धर्म की बुनियाद कह सकते हैं जो समाज-धारण के लिए, शिष्टजनों के द्वारा प्रचलित किए गए हों और जो सर्वमान्य हो चुके हों। और इसलिए महाभारत (अनु १०४ १५७) में एवं स्मृति ग्रन्थों में 'आचार प्रभवो धर्मः अथवा आचारः परमोधर्मः (मनु० १ १०८) अथवा धर्म का मूल बतलाते समय 'वेदः स्मृति सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः (मनु २ १२) इत्यादि वचन कहे हैं।

वैसे तो सम्पूर्ण भारतीय वाङ्मय नीति-तत्व से अनुप्राणित है' लेकिन नीति-परक काव्य में यह तत्व अपना प्रत्यक्ष और स्वतन्त्र स्वरूप प्रकट करता है। नीति का प्रारम्भिक रूप ऋग्वेद ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषदों सूत्र ग्रंथों रामायण महाभारत आदि ग्रंथों में प्रचुर मात्रा में देखने एवं पढ़ने को मिलता है। 'धम्मपद' वह प्राचीनतम संकलन है जिसमें नीति विषयक रचनाएँ उत्कृष्ट रूप में संकलित हुई हैं। लेकिन संस्कृत पालि प्राकृत अपभ्रंश एवं हिन्दी सभी प्रकार की भाषा के ग्रन्थों में नीति विषयक रचनाओं की प्रचुरता प्रायः समान रूप से दृष्टिगोचर होती है।

चाणक्य के नाम से राजनीति समुच्चय चाणक्य नीति बृहद् चाणक्य लघु चाणक्य आदि संकलन भोजराज वररुचि घटकर्पर बेताल भट्ट आदि के नामों से सम्बद्ध नीति मुक्तक नीति वाक्यामृत विदुर नीति भर्तृहरि का नीतिशतक काश्मीरी कवि मम्मट की कृतियाँ आदि नीति रचनाएँ अपभ्रंश नीति काव्य-परम्परा के पहले मिलती हैं। अतिरिक्त उपदेशात्मक और दार्शनिक तत्वों से संवलित पालि के 'अंगुत्तर निकाय' की कुछ रचनाएँ महायान मतावलम्बी शान्तिदेव का बोधिचर्यावतार आचार्य शंकर की शत श्लोकी' आदि हैं। अस्तु

१ वही

प्रस्तुत हमारा संग्रह राजस्थानी नीति के दोहों को लेकर है। दोहा एक मात्रिक छन्द है। इसके विषम चरणों में १३ और सम चरणों में (शिव) ११ मात्राएँ होती हैं। पहिले और तीसरे अर्थात् विषम चरणों के आदि में जगण नहीं होना चाहिए। अन्त में लघु होता है। जैसे—

[1] SI III SS IS =१३

काम विषम तेरा कसा

II II SS SI

सम शिव दोहा मूल =११

वैसे तो दोहों के अनेक भेद हैं, पर यहाँ उनमें से मुख्य जो २३ हैं वे ही दिए जाते हैं—

[2](१) भ्रमर, (२) सुभ्रामर, (३) शरभ (४) श्येन (५) मंडूक (६) मर्कट (७) करभ (८) नर (९) हंस (१०) गयन्द या मदुकल (११) पयोधर, (१२) चल या बल (१३) वानर (१४) त्रिकल (१५) कच्छप (१६) मच्छ (१७) शार्दूल (१८) अहीवर, (१९) व्याल (२०) बिडाल (२१) श्वान (२२) उदर और (२३) सर्प।

दोहा अपभ्रंश काल का एक बहुत ही महत्वपूर्ण छन्द है। राजस्थानी भाषा व हिन्दी में दोहों को लेकर सैकड़ों कवियों ने अपनी रचनाएँ की हैं। 'ढोला मारू रा दूहा' माधवानल काम कन्दला 'बिहारी सतसई' आदि अनेकों प्रबन्ध केवल दोहों को लेकर रचे गए हैं।

दोहों के प्रकार को लेकर 'छन्द प्रभाकर' एवं 'प्राकृत पैंगलम्' विशेष उल्लेखनीय हैं। फिर भी जितने प्रकार के दोहे राजस्थानी भाषा में देखने को मिलते हैं उतनी संख्या में किसी अन्य भाषा में सम्भवतः नहीं मिल सके हैं। इस विषय में श्री अगरचंदजी नाहटा का निबंध

---

१ छन्द प्रभाकर—जगन्नाथ प्रसाद 'भानु' पृष्ठ ८४

२ छन्द प्रभाकर पृ ८८

३ प्राकृत पैंगलम्—सम्पादक भोला शंकर व्यास पृ ७

'कविराज सोम-रचित दोधकचन्द्रिका' विशेष अध्ययन योग्य है।

श्री नाहटाजी लिखते हैं—दोहे कई प्रकार के होते हैं। राजस्थानी में उनके सबसे अधिक प्रकार मिलते हैं। यथा

हंसु (१) गयंद (२) बराह (३) पहु (४)
पिंगसु (५) तरसु (६) तमास (७) ।
सायर (८) मच्छयउ (९) मेरु (१०)
एरू(११) कुंजर(१२) हरू(१३) मुकराल(१४) ॥१॥
बरहुणि (१५) वारुणि (१६) अहि (१७)
पवणु(१८) वग्गयणु(१९) मणु(२) मार्तंडु(२१)।
मंडूलउ (२२) कार्या समरु
महरूपुवण (२३) छन्दु ॥ २ ॥

हम श्रद्धेय श्री अगरचंदजी नाहटा अपने परम सहयोगी साथी भाई श्री मुरलीधरजी व्यास एवं श्री सूर्यशंकरजी पारिक के बड़े ही आभारी हैं जिनके व्यक्तिगत दोहा-संग्रह का हमने खुलकर प्रयोग किया है।

विज्ञ-पाठक जानते ही हैं—श्रद्धेय श्री अगरचंदजी नाहटा का अपना व्यक्ति-गत ग्रंथालय है। हमें इस 'श्री अभय जैन ग्रंथालय' से अप्रकाशित एवं प्रकाशित सभी प्रकार के ग्रंथों से राजस्थानी नीति दोहों को लेकर सामग्री मिल सकी है। उन ग्रंथों में से निम्नलिखित ग्रंथ विशेष उल्लेखनीय हैं—

(१) शेखर सोरठा
(२) भैरव बावनी
(३) कामिया-चातक

---

१ 'कविराज सोम-रचित दोधक चन्द्रिका'—
श्री अगरचंद नाहटा
(मरु भारती—)

(४) राजस्थान के ऐतिहासिक प्रवाद
(५) राजिया काव्य
(६) राजिये के सोरठे
(७) बांकीदास ग्रन्थावली भाग १
(८) " भाग २
(९) " भाग ३
(१) राजिया रा दूहा
(११) रमणिये के दोहे
(१२) मान पद्य-संग्रह भाग १
(१३) " संग्रह भाग २
(१४) गुजराती दूहा संग्रह
(१५) हाला झाला रा कुण्डलियां
(१६) चकरिये की चहक
(१७) राजस्थान रा दूहा
(१८) कमा हाथीरामकृत सोरठे
(१९) दोहा संग्रह
(२) शिक्षा बहोत्तरी— श्री उम्मेदसिंह महता
(२१) नेक नसीहत — "
(२२) मकल बतीसी — "
(२३) संपति बतीसी — "
(२४) ज्ञान बतीसी — "
(२५) उमेद पचीसी — "
(२६) सारसमुच्चयसार — " "
(२७) हस्तलिखित अनेक संग्रह

नीति की उपादेयता—उसका हमारे जीवन से सम्बन्ध स्वयं सिद्ध है। हमने इस गहन विषय को इसकी गहराई में जाकर इसे अधिक गम्भीर एवं जटिल बनाना उचित नहीं समझा है। अतः इस पर यहाँ संक्षेप में ही प्रकाश डालना उचित समझा गया है। कुलिया के साथ

रण शास्त्र बताते हैं कि दुनिया कैसी है। नीति का मार्ग यह बताता है कि दुनिया कैसी होनी चाहिए। इस मार्ग के द्वारा हम यह जान सकते हैं कि मनुष्य को किस तरह आचारण करना चाहिए।"[1]

महात्मा गांधी इसी पुस्तक में आगे और लिखते हैं—

[2] नीति का विचार तो वास्तुविशारद के नकशे के जैसा है जो यह बताता है कि घर कैसा होना चाहिए। हम घर बना चुके हों तो नक्शा हमारे लिए बेकार हो जाता है। वैसे ही आचरण न किया हो तो नीति का विचार नकशे की तरह बेकार हो जाता है। बहुतेरे नीति के वचन याद करते हैं, उस विषय पर भाषण करते हैं पर उसके अनुसार चलते नहीं और चलना चाहते भी नहीं। कितने ही तो मानते हैं कि नीति के विचारों को इस लोक में नहीं परलोक में अमल लाना चाहिए। यह कुछ सराह ने लायक विचार नहीं माना जा सकता। एक विचार वान् मनुष्य ने कहा है कि हमें सम्पूर्ण होना हो तो हमें आज से ही नीति के अनुसार चलना है चाहे इसमें कितने ही कष्ट क्यों न सहन करने पड़ें।"

राजस्थानी नीति दोहों की अपनी एक लम्बी स्वस्थ दीर्घ परम्परा है। नीति के दोहों को लेकर राजिया नाथिया चेतरा भैरिया जसवन्त भोजिया कानिया उदैराज फूसिया किसनिया समन चकरिया मोतिया आदि सैंकड़ों कवियों के दोहे आज यहाँ के जन-साधारण के कण्ठ का हार बने हुए हैं। नीति ही सच्चाधर्म है, नीति ही सच्चा जीवन है इसके अभाव में जीवन का कोई मूल्य नहीं हो सकता-राजस्थानी यतियों से इस ओर सजग और जागरूक रहता आ रहा है। नीति-काव्य श्रेष्ठतर जीवन के आदर्शों को हमारे व्यवहार का इतनी शीघ्रता से अंग बना देता है जितनी शीघ्रता से युगों का

---

१ नीति-धर्म

—श्री महात्मागांधी पृ ११

२ वही— पृ १४

यत्नार्थ भी नहीं। यही कारण है—इसके निर्माण में हमारे सभी नीतिकारों ने लोक-भाषा का सहज सुघरा और मधुर रूप ही अपनाया है। हम यहाँ कतिपय दोहे पाठकों को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत कर रहे हैं—

बसबन्त हींसी काच की जैसी नर की देह।
जतन करंता जावसी हर भज लावा लेह ॥२७१॥
करसी कूका हूक हाथो हाथ हकावसो।
फम्मसा बाहर फूंक कोई न बससी कानिया ॥२६७॥
गरमे मतरे मूजरी वैस मद्ध की खास।
मबसे हाथी घूमता रस्या नव रे वास ॥१२६॥

अर्थ स्पष्ट है—नश्वरता को लेकर कवि ने कितना कुछ सुन्दर शब्दों में गागर में सागर के समान जीवन के तथ्यों को हमारे सम्मुख रखा है। ठीक इसी प्रकार का दोहा हमें अपभ्रंश-काव्य में भी देखने को मिलता है—

[1]'भोसी मुञ्चि मा गब्बु करू, पिक्खिवि पड्गुरुव्वाइ।
चउदह सँ छहुत्तरइ मुञ्जह गयह गमाइ॥

उच्चादर्श वाविता को लेकर नीतिकार ने बड़े ही मार्मिक ढंग से समझाने का प्रयास किया है—

सरिता करै न पान बिरछन फल चाखै कदे।
देत न जावै मान परहित निपजै सेवरा ॥१२९॥

[2]रहीम जी भी इसी बात को इस प्रकार से प्रस्तुत किया है—

तरवर फल नहिं खात है,
सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम परकाज हित
सम्पति संचहिं सुजान॥

---

१ प्रबन्ध-चिन्तामणि'—पृ० २४।
२ 'रहिमन विलास'—८। २७।

भाग्यवाद को लेकर कवि का यह दोहा बेजोड़ है। वह समझाने का प्रयत्न करता है—संसार में सभी प्रकार के पदार्थ हैं लेकिन मनुष्य को उतना ही मिल सकता है जितना उसके भाग्य में उसके कर्मों के अनुसार लिखा हुआ है—

सोनो घड़े सुनार
कंदोई रचावा करै।
भौगी भौगणहार
कर्म प्रमाणै किसनिया ॥ १२६९ ॥

इसी प्रकार, राजिया उमेदिया आदि कवियों के असंख्य दोहे, अवसर मर्यादा लक्ष्मी की चांचल्यता आदि को लक्षित करके लिखे गये हैं।

राजस्थान के सूक्तिकारों की संख्या सकड़ों पर है उनके रचित नीति के दोहे हजारों पर हैं।

संस्कृति और सभ्यता का चोली-दामन सा सम्बन्ध है। ये हमारे निजी और सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। संस्कृति हमें राह बताती है तो सभ्यता हमें इस राह पर चलाती है। संस्कृति न हो तो आज मनुष्य और पशु के विचारों में कोई भेद न रहे। और यदि सभ्यता न हो तो मनुष्य और पशु दोनों का रहन सहन एक ही सा हो जाए। हमारी अपनी धारणा है—यदि इनकी बुनियादी नीति पर आधारित न हो यदि संस्कृति और सभ्यता नीति मूलक न हो तो संस्कृति सच्चे अर्थों में संस्कृति नहीं मानी जा सकती और सभ्यता सच्चे अर्थों में सभ्यता नही कही जा सकती।

यह हम पूर्व ही लिख चुके हैं—नीति तत्व आचार शास्त्र (Ethuce) से सम्बन्धित है। हर युग का कवि इस तत्व का समावेश ग्रहण अपने काव्य में अनायास ही कर लेता है। कवि भी इसी धरती का प्राणी है—सुख दु ख उसके भावुक हृदय को अनुप्राणित करते हैं। और इन्हीं सुख दुख से प्रेरित होकर परिस्थितिवश हो कवि वासित होता है और अपने काव्य में किसी न किसी रूप में अपनी तत्व दृष्टि को सामने कर ही देता है।

हिन्दी-साहित्य के इतिहास पर यदि एक दृष्टिपात करें तो हमें ऐसा प्रतीत होता है कि मध्ययुग का कवि कम से कम इस अर्थ में आधुनिक कवि से अधिक स्वतन्त्र था। वह नीति और उपदेश को अपना काव्य-विषय बना सकता था। जहाँ आज का आधुनिक कवि सीधे नीति कथन और उपदेश ज्ञापन को कलागत स्तर का स्तर न मानता है। मध्य-युगीन कवि इसलिये अधिक स्वच्छन्दतापूर्वक नीति और उपदेश तत्व को अपना काव्य विषय-काव्य-वस्तु बना पाता था क्योंकि तत्कालीन काव्य का मूल-उसका प्रेरणा-स्रोत धर्म था। आज के आधुनिक कवि का प्रेरणा स्रोत प्रथम सौन्दर्य-बोध और फिर आत्माभिव्यक्ति है। उपदेश और सीधे नीति-तत्व उसके लिए गौण हैं, उन्हें वह एकदम काव्य वस्तु नहीं मानता।

प्रत्येक युग का काव्य प्रतिमान उसका मान-दण्ड अपनी विशेषताओं को लिए हुए होता है। अतः हमें भी इन राजस्थानी नीति विषयक-दोहों को इन सभी उपर्युक्त विशेषताओं को दृष्टिगत रखकर ही अध्ययन करना होगा।

अन्त में हम पाठकों से इतना और निवेदन करना चाहेंगे—समय के अभाव के कारण हम इन दोहों का पृथक-पृथक वर्गीकरण नहीं कर सके हैं। साथ ही मौखिक परम्परा के कारण एवं परिस्थितिवश दोहे जिस रूप में हमें उपलब्ध हो सके हैं, हमने उन्हीं रूपों में ग्रहण किया है।

अतः पाठ गड़बड़ व अशयुक्त भी रह गये हैं। कुछ हिन्दी दोहे जो राजस्थान में प्रचलित हैं उन्हें भी दे दिये। राजस्थानी-नीति विषयक दोहों का इतना बड़ा संग्रह अभी तक हमें नहीं देखने को मिला है।

इसके अतिरिक्त कुछ दोहे अभी भी ऐसे हैं जिन्हें हम इस संग्रह में नहीं ले सके हैं। पूर्ण विश्वास है—हम दूसरे संस्करण में निश्चय ही ऐसा कर सकेंगे।

प्रस्तुत संग्रह को तैयार करने में हमें अनेक व्यक्तियों की सहायता मिली है—उन सबके हम हृदय से आभारी हैं।

—मोहनलाल पुरोहित

जो जामें निसदिन बसे सो तामें परवीन।
सरिता में गज बह परै तामें पलै न मीन ॥ ७ ॥
कर कुसंग चाहत कुशल तुलसी यह अफसोस।
महिमा घटी समंद की रावण के पाड़ोस ॥ ८ ॥
सबसे आगे होय के मत कोई करिये काज।
सुधरे समफल होत है बिगड़े गारी लाज ॥ ९ ॥
तुलसी या संसार में रावण रहे न राम।
दोनहुं के अवशेष हैं, दूषित भूषित नाम ॥१०॥
कहा लंका-पति ले गयौ कहा करण गयौ खोय।
जसजीवन अपजस मरण कर देखो सब कोय ॥११॥
लोकन के अपवाद से डर करिये दिन रैण।
रघुपति सीता परहरी सुनत रजक के बैण ॥१२॥
तुलसी नफा पहचाणिये भले बुरे क्या काम।
भूत से हनवंत मिले हणवंत सेती राम ॥१३॥
मरज दिवानी गूजरी अब आई घर धूप।
सावण छाछ न घालती जेठ परोसे दूध ॥१४॥

---

(७) जो जामें — जो जिसमें। सो तामें — वह उसी में। परवीन — प्रवीण। बह परै — गिर पड़ता है। मीन = मछली।
(८) कुसंग — बुरी संगत। समंद — समुद्र।
(९) आगे होय के — अगुआ होकर। सुधरे = सुधरने पर। समफल — बराबर का फल।
(१०) रावण रहे न राम — न रावण रहा और न राम ही रहा। दूषित — बुरे।
(११) कहा = क्या। लंकापति — रावण। जस — यश। अपजस — बुराई।
(१२) लोकन के अपवाद — संसार के अपवाद से। दिन रैण — रात दिन। परहरी — छोड़ दी। रजक — धोबी।
(१३) नफा पहचाणिये = नफा समझो। हनवंत — हनुमान। सेती — से।
(१४) मरज — स्वार्थ। दूध = दूध।

गरज हुवी मन ग्रौर था मिटी गरज मन ग्रौर।
उमेराज मन की प्रवृत्ति (गति) रहै न एकी ठौर ॥१५॥

मीठी मीठी वस्तु नहि मीठी जाकी चाह।
ग्रमली मिसरी छांडि के ग्राफू खात सराह ॥१६॥

पाट पंवाई भाए जो रेबारी र कुमार।
ऐवा कवेन ग्रापणा, कर देखो उपकार ॥१७॥

सोहा साकड़ा चामड़ा पहसा किसा वखाए।
बहू बघेरा डीकरा नीवड़िया निरमाए ॥१८॥

नहँ थोन्या नहँ मीमियो नहँ खायो फूगांह।
ग्रापकरणै पर ग्रापने सूभै सौ कोसांह ॥१९॥

ग्राग विरच्यो जग मरै सिंह विरच्यो गाय।
त्रिया विरछा ज्यो करै सा दई वो न सहाय ॥२०॥

आगल सींगो डांगरो पाछल चूंठी नार।
बाकर कूंभो आदमी (याने) माता आगे मार ॥२१॥
तरिया चरित समंद जळ ऊंच तणो आकाश।
उत्तर पताळ देवगत पार न पायो तास ॥२२॥
सीखा बात अगम्म की कहन सुनन की नाँहीं।
जाणे सो कहवे नहीं कहे सो जाणे नांही ॥२३॥
को सुख को दुख देत है देत करम झकझोर।
उलझत-सुलझत आपुही धजा पवन के जोर ॥२४॥
स्वारथ के सब ही सगे बिन स्वारथ के बैर।
देख्या मैं निज आंख तैं जित समरथ जित खैर ॥२५॥
साँची इण संसार में दोय बात है सार।
झूठ बचन ना बोलणो रखणो सम बेवार ॥२६॥
इन्द्रीय काबू राखणो यह धरमा रो सार।
जो न इणी पर रह सकै, पड़ी वरणां पै मार ॥२७॥
नेहचे है संसार में कोउन वस्त अवस्स।
फिर तू ममता राखनै करै काहरो गस्स ॥२८॥

---

(२१) आगल सींगो = आगे की तरफ निकलते हुए पैने सींग। डांगरा — बैल। पाछल चूंठी — पीठ की तरफ झुके खड़े हुए स्त्री। बाकर कूंभो — जिसकी टाँग दोनों बगल की तरफ बढ़ी हुई हो। मात आगे — देवी के सामने।
(२२) तरिया — स्त्री। चरित = चरित्र। समंद = समुद्र। देवगत — देवगति
(२३) अगम — भविष्य। कहन-सुनन — कहने सुनने की।
(२४) को = कोई। झकझोर — रोष। उलझत-सुलझत = उलझना सुलझना धजा — ध्वजा।
(२५) सगे — सगे-सम्बन्धी। बैर — शत्रुता। खैर — मित।
(२६) इण = इस। झूठ — झूठ। सम = बराबर। बेवार — व्यवहार।
(२७) वरणां — सब पर।
(२८) नैहचे — निश्चय। वस्त — वस्तु। गस्स — पीर।

मार होत घण भांत की लाठी खग तरवार ।
(पर) मर्म मार बहुत ही बुरी तातैं नैमन मार ॥१६॥
कुल रो धरम न छाँड़िये धन रो देख अभाव ।
साच झूठ धन संग्रहे, वेस्या जात सभाव ॥१७॥
मन मैला तन ऊजला बुगला कैसा भेक ।
उणसूं तो कागा भला भीतर बाहर एक ॥१८॥
थोड़ा बोला घण सहाँ मिहपण पै नैठांह ।
जो परधाड़ा धायवा मीत करीजे ताह ॥१९॥
कंटक पेड़ बबूल रो इसड़ो उणरे फूल ।
कहा कहूँ करतारनैं तन भर ऐसी भूल ॥४ ॥
तू रतनाकर नाम बळ मत कर गाव गुमान ।
जळ खारो खारो बहर किणही न आवै काम ॥४१॥
चंद कलंकी जनमियो सायर भरे सताप ।
हुओ मथन खारो हुओ पूत तणो परताप ॥४२॥

---

(१६) मार — प्रहार । घण — बहुत । भर — भीर ।
(१७) सभाव — स्वभाव ।
(१८) ऊजला = उजला, उज्ज्वल । बुगला कैसा — बगुले की भाँति ।
(१९) थोड़ा बोला — कम बोलने वाला । घण सहाँ = सहनशील । नैठांह — नैठवान । परधाड़ा = दूसरों पर आक्रमण होने पर । धायवा — धावे चढ़कर । मीत — मित्र ।
(४) कंटक — काँटेवाला । इसड़ो — ऐसा । उणरे — उसके । करतार — भगवान ।
(४१) नामबळ — केवल नाम का बल । बळ — बल ताकत । गाव — गर्व । किणही — किसी के ।
(४२) पूत तणो = पुत्र होने के वजह ।

बग एक मुनी ऊजळा मुधरा बोला मीर ।
पूछो सफरी पनंग नै करतब कई कठौर ॥४३॥
कलम पुस्तकां कामणी हाथ पराये जाय ।
भस्ट भ्रस्ट मरदन यमां कदी न पाछी आय ॥४४॥
नर गिर सारां एक नहीं नरां गिरां में फेर ।
इक मलयाचल पेरवसो इक परवत सुमेर ॥४५॥
साँई टेढ़ी चक्खियाँ बैरी समक तमाम ।
टपेक मोसा महरका मालों करत सलाम ॥४६॥
स्रवण नैन अर नासका सब ही के इक ठौर ।
मुणणो केणो समझणो, चतुरन को कुछ और ॥४७॥
सूरज को सुत व्याधि है निकसत वचन भुजंग ।
ताकी औषध मौन है विष नहीं व्यापत अंग ॥४८॥
घायलड़ा पायू नहीं जाता साधु न मोड़ ।
हंसा नै सर वर घणा सर वर हंस करोड़ ॥४९॥

---

(४३) बग—बगुला । मुनी = मुनि । ऊजळा—श्वेतवर्ण । मधुरा—मीठे शब्द । सफरी—मछली । पनंग—सर्प । कठोर—बुरा ।

(४४) कामणी—स्त्री । हाथ पराये—दूसरे के हाथ में । मरदन—कुचलना । कदीन—कभी भी । पाछी—वापिस ।

(४५) गिर—पहाड़ । सारां—तमाम । फेर—फर्क । पेरवसो—ऐसा । परवत—पर्वत पहाड़ । सुमेर = सुमेरु ।

(४६) साँई—परमेश्वर भगवान । टेढ़ी—बुरी दृष्टि । समक—संसार । टपेक—तनिक । महर का—दया का ।

(४७) स्रवण—कान । अर—और । इक—एक । ठौर = स्थान । केणो—कहना । समझणो—समझना ।

(४८) सूरज = सूर्य । भुजंग—सर्प (काला नाग) । औषद—दवा । मौन—शान्त चुप्पी । अंग—शरीर ।

(४९) घायलड़ा—घायल हुए को । पायू नहीं = रोकना नहीं । जाता—जाने हुए को । मोड़—वापिस । घणा—बहुत ।

सरवर हंस मनाय मैं नेड़ा घणा बहोड़ ।
ज्यां सूं लाग्या फूटरा ज्यां सूं चोंच न तोड़ ॥५०॥
हंसा समंद मनाय मैं के जळ थोड़ो होय ।
डाबर-खाबर डोलतां भलो न कहसी कोय ॥५१॥
हंसा बिरुद बिचार मैं चुगै त मोती चुग्ग ।
ना तर रहवे लांघणो बीणो किताक जुग्ग ॥५२॥
हंसा अपणो बार नै छोड़ कठै मत जाय ।
दुख में आडा आवसी और न कोई आय ॥५३॥
हंसा आ पारखड़ी छीलर जळ न पियंत ।
कै पियै मान सरोवरे कै तरसिया भमंत ॥५४॥
दाड़म केरे फूलड़ैं भँवरा प्रीत न बांध ।
जै सौ बरसां सेवियै, तऊ न पावै गंध ॥५५॥
ऐ बगुला मुनि ऊजळा मीठा बोला मोर ।
पूछो सफरी पन्नग नै उणरा किसब कठोर ॥५६॥
सिंघा आ ही आखड़ी पर मारयो ना खाय ।
ठीघी फाळ न नावड़ै भामा लार न खाय ॥५७॥

---

(५०) नेड़ा — नजदीक पास । बहोड़ — लौटा के । ज्यांसू = जिनसे । फूटरा — सुन्दर ।
(५१) समंद — समुद्र । डाबर — छोटी तलाई । कोय — कोई ।
(५२) बिरुद — बड़प्पन । ना तर = नहीं तो । किताक = कितनेक ।
(५३) कठै — कहीं । आडा आवसी = काम आयेंगे ।
(५४) आ — यह । पारखड़ी — परीक्षा । कै = या । तरसिया — प्यासे । भमंत — फिरते हैं ।
(५५) दाड़म = अनार । केरे — के । तऊ = तब भी ।
(५६) ऊजळा = स्वच्छ सफेद । सफरी — मछली । पन्नग — सांप । किसब — करतूत ।
(५७) आखड़ी — नहीं स्वीकार करने का नियम । नाहीं = नहीं । परमारयो = दूसरे के द्वारा मारा हुआ । लार — पीछे ।

कुंभर, विभ्भ विसार, वे चरियो तू मोकळो।
हिव तू राज पुकार, बड़ पूळा संतोस कर ॥५८॥
पत-विछोड़ण फळ हरण ऊमर बीट करंत।
भायां भावर पंखिया सरवर तोय दियंत ॥५९॥
पंख फड़ाफड़ थंथहर पग्गां तणा निहाव।
तरवर तो बिन कुण सहै सिर वीपता पाव ॥६०॥
भाम भाम कर सींचियो नीकस गयो बबूळ।
बैसण साम्या छांयड़ी भाजण साम्या सूळ ॥६१॥
समदर रै मरजाद में ज्वार किया मा ज्याय।
छोटा छीलर ऊफळे पोड़ी छांटां मांय ॥६२॥
सुण समदर सौ जोजना लीक छोड़ मत जाह।
छोटा छीलर ऊफळै तैं घर रीत न जाह ॥६३॥
छीलरियां ज्यूं ऊफळो थोड़ी छांटां मांय।
समदर थां सूं सौ गणी लीक छोड़ नह जाय ॥६४॥
सायर फाटयो जस हटयो माणक रतन सियाह।
रीत बिलोटा माणसां सांसोटा पुणियाह ॥६५॥

---

(५८) कुंभर = हाथी। विभ्भ = विभ्य (बना बंधन)। मोकळो = बहुत मुक्त होकर। हिव = अब। बड़ = घास।

(५९) बीट = विष्ठा। पंखिया = पक्षी। तोय = तो भी।

(६) कुण = कौन।

(६१) नीकस गयो = निकल गया। बैसण = बैठना। छांयड़ी = छाया। भाजण साम्या = लगने लगे। सूळ = कांटे।

(६२) समदर = समुद्र। रै = रहता है। ऊफळे = मर्यादा छोड़कर बह चलते हैं। छांटां = बूंदें।

(६३) सौ जोजना = सौ योजन विस्तार वाले। लीक = मर्यादा। तैं = तुम्हारे। जाह = यह।

(६४) नह = नहीं।

(६५) फाटयो = फटा। रतनसियाह = विखर गये। रीत बिलोटा = बिना ढंग के हो रहे। सांसोटा = पाकिये।

छूटी मोटी मास सायर झील्या तणी।
हंसमया निरास बग देख्या जद छोड़ता ॥६६॥
भंवरो जाणै सब रस बिण जाणी बणराय।
घुण किम जाणै बापड़ो सूका लकड़ खाय ॥६७॥
हंस गया सारस गया बगुला गया विलाय।
सम्मन अब इण रूख पर कागा बैठा आय ॥६८॥
सम्मन पराये बाग में दाख चोंच भर खाय।
अपणो कछू न बीगड़ै अणही सही न जाय ॥६९॥
माव नहीं आदर नहीं, नेहहीन निरखंत।
सम्मन तहां न जाइये जे कंचन बरसंत ॥७०॥
जोवत ही जो हंस मिलै जावत देवै राय।
टूटी बाकी झोंपड़ी सम्मन का घर सोय ॥७१॥
आवत मुख बिगसै नहीं जावत माहीं कुम्हलाय।
सम्मन ऐसे नीच के नीच हुवै सो जाय ॥७२॥

---

(६६) छूटी—थी। झीलेणावरी = नहाने की। बग = बगुला। छोड़ता—तैरते हुए।
(६७) जाणै—समझता है। सब—तमाम। बणराय—बनराजि (के फूलों) को। बापड़ो—बेचारा। लकड़ = लकड़।
(६८) बुगला = बगुला। विलाय—छिपना। इण—इस। रूख—पेड़। कागा = कौआ।
(६९) पराये—दूसरे के। दाख—अंगूर। भर = भरा। कछू = कुछ। बीगड़ै—बिगड़ता है। अणही—अनहद बात (कि सदा दाखें खावे)।
(७०) माव नहीं—स्वागत नहीं। नेह-हीन—स्नेह बिना। निरखंत—देखता है। कंचन—सोना। बरसंत = बरसता हो।
(७१) जोवत—जाते ही। जावत = जाने पर। टूटी बाकी झोंपड़ी = उसकी झोंपड़ी टूटी हो। सम्मन का घर सोय—वही सम्मन का घर है।
(७२) मुख बिगसै—मुख खिल जाना। ऐसे नीच के = ऐसे नीच के यहाँ।

सब कोई प्रीत बटावसी सब कोई करसी भाव ।
सम्मन बै कुण रूखड़ा ज्यांन झकोळै वाव ।।७३।।
सम्मन असी प्रीत कर ज्यों हिंदू की जोय ।
जीता तो संग रहै, मरे पै सती होय ।।७४।।
सम्मन प्रीत न जोड़ियै जोड़ न तोड़ो कोय ।
तोड़े पाछे जोड़ियै गांठ गंठीली होय ।।७५।।
सम्मन अरहट की घड़ी भर कुमीत की ईठ ।
जब खाली सामही जब भरि है तब पीठ ।।७६।।
सम्मन प्रीत लगाय के दूर देस मत जाव ।
बसी हमारी नागरी हम मांगे तुम खाव ।।७७।।
सम्मन अेक दिन मोहियो बिच न समातो हार ।
कांई वायरा वाजगी बिच में पड़्या पहाड़ ।।७८।।
सम्मन कूड़ी काच की कोड़ी कोड़ी बेच ।
जब गळ लागी पीव के लाख टका की अेक ।।७९।।

---

(७३) सब कोई = सभी कोई । प्रीत बटावसी — प्रीत का लेन देन करते हैं । कुण — कौन । बै — वे । रूखड़ा — पेड़ । झकोळै — झकझोरना । वाव — हवा ।
(७४) जोय = स्त्री । संग रहै — साथ रहे । मरे पै — मरने पर ।
(७५) जोड़ियै — जोड़ना । जोड़ न तोड़ — जोड़कर फिर नहीं तोड़ना । गांठ-गंठीली — उलझने वाली गांठ ।
(७६) अरहट की घड़ी — अरहट की घड़ियां । भर — चोर । कुमीत — झूठे मित्र । ईठ — मिलता ।
(७७) प्रीत लगाय कै — प्रीत लगाकर । नागरी — नगरी ।
(७८) कांई वायरा — कैसी हवा । वाजगी — चल गई । बिच में — बीच में । मोहियो — ऐसा मोह था । समातो — समाता ।
(७९) कोड़ी कोड़ी बेच — कौड़ी कौड़ी (में बिकती है) बेच तो गळ लागी — गले लगी । पिव के — प्रीतम के ।

सज्जन संपत विपत में चे झूरै चे झूर।
मासा घटे न तिल बधै वे विध लिख्या अंकूर ॥८०॥
सज्जन साथा पुरस की रहे न भेळी धार।
तिण डूबे पथ्थर तिरे, अपणी अपणी धार ॥८१॥
नदी किनारे देखिये सज्जन सब संसार।
कइ उतरे, कइ ऊतरै, (कइ) ऊभा बांध तयार ॥८२॥
सज्जन रोवे कुण कूं हंसे स कुण विचार।
गया स आवण का नहीं रह्या स जावण हार ॥८३॥
हीलोळा दरियाव रा आम्ब हुंस सहंत।
बुगला कायर बापड़ा पैली लैर पुगंत ॥८४॥
सरवर, केम उतावळो सांभी हेळ न लेय।
आवां छां चढ़ आवस्यां पंख संभारण देय ॥८५॥
कपटी मित्र न कीजिये पेट पैठ बुध लेय।
पैली लाग लगाय के पाछै धोखा देय ॥८६॥

---

(८०) संपत-विपत में—सुख या दुख में। चे—वो। झूरै—रोते हैं। झूर—सूखें। विध—विधाता। अंकूर—अंक।

(८१) साथा=सदा। एकीधार—एक बंधी। अपणी अपणी धार—अपना अपना भाग्य भर। पथ्थर—पत्थर।

(८२) कइ उतरे—कई पार हो गये। कई ऊतरै—कई पार हो रहे हैं।

(८३) कुण कूं—किस को। गयास—जो चले गये हैं। आवण का नहीं—लौटने के नहीं। रह्यास—जो रह गये हैं। जावणहार—जाने ही वाले हैं।

(८४) हीलोळा—हिलोरें। आम्ब—प्रबल। सहंत—सहते हैं। बापड़ा—बेचारे। पैली लैर—पहली लहर। पुगंत—दूर चले जाते।

(८५) केम—किस लिए। उतावळो=उतावला। सांभी—सामने। हेळ—हिलोरा। आवास्यां—आयेंगे। पंख संभारण देय—जरा पंखों को सम्हाल लेने दे।

(८६) पेट पैठ—पेट में घुसकर। लाग—लड़ाई।

पर कारण दुख ना सहै सेय न हररस घूट ।
मार घसीटे श्रौर नू श्राप ऊट का ऊट ॥८७॥
हर भजणा हक बोलणा कूड़ा नांय कवस ।
ज्यांरा नाहीं ऊतरै, श्रातू पोर श्रमल्ल ॥८८॥
हक होयां हाजर खड़ा बेहक ऊजड़ वास ।
कोड़ो भावे पार सू खरा पईसो खास ॥८९॥
मरिया सो झक्के नहीं झक्के सो श्राधा ।
मरतां माही पारख्या बोल्या श्रर साधा ॥९०॥
पड़ियो चीथर पंथ में निकमो मती निहार ।
इणही रासी येक दिन साजै तणी नर नार ॥९१॥
बेड़े बेड़े ठीकरी निकमी मती विहार ।
मैं भी तपी रसोवड़ै, श्रपणी-श्रपणी बार ॥९२॥
उट्ठ धवला कंध धर थोभ्भ्यु थांभड़ियां ।
गाडो पड़्यो उवाड़ में सिरै न टोपड़ियां ॥९३॥

---

(८७) हररस घूट = हरि रस की घूंट (हरि का भजन) ।
(८८) हर भजणा — हरि का भजन करने वाले । कवस — वचन । श्रमल्ल = प्रमुख ।
(८९) हक होयां = हक की (जीत होने पर) । हाजर खड़ा — हाजिर रहती है । बेहक ऊजड़ वास — श्रन्याय की उजड़ जाती है । पारसूं दूर से ।
(९०) मरिया — मरे हुए । झक्कै नहीं — भभकते नहीं । मरतां — मर्दों की । माही — मही । पारख्या = परीक्षा । बोल्या — बोलने पर । साधा — सधा सधा ।
(९१) चीथर — चिथड़ा । निकमो = निकम्मा । इणही = इसने ।
(९२) बेड़े-बेड़े — घूरे-घूरे पर ।
(९३) उट्ठ — उठो । धवला — धौला बैल । कंध धर — कंधा दे । थोभ्भ्यु — स्थिर कर । टोपड़ियां = पहिये ।

मांगण सूं छोटो हुवै पायां फूलै गात।
तीन पैंडरो बावणो तीन लोक नहिं मात ॥८४॥
राजदवारे साधजन तीन बसत सूं जाय।
कै मीठै कै मानकूं कै माया की चाय ॥८५॥
दांत खुस्या कुच जरजरा सींगा छोडी संध।
ले छाई मन मटको जोरौं के गळ बंध ॥८६॥
तबलग प्यारे सब गरज सरी गरज कुणकाज।
किण ही कोई प्यारो नहीं बिना गरज उदैराज ॥८७॥
हुती गरज मन और वा मिटी गरज मन और।
उदैराज मन की प्रकृति रहै न एकी ठौर ॥८८॥
उदैराज, उद्यम कियां सब कुछ होवै त्यार।
गाय भैंस कुछ में नहीं दूध पिवै मंजार ॥८९॥
अहि पकड़ावै रीझ सूं सहत उदै न्रप मार।
सो नर रीझे दे नहीं धिक ताकी धिक्कार ॥९०॥

---

(८४) मांगणा सूं — मांगने से। पायें मिलने पर — तीन पैंडरो — तीन पैर का। बावणो = वामन।
(८५) राज दवारे — राजा के द्वार पर। साधजन — साधुजन। तीन बसत — तीन चीजों के लिए। कै — या। चाय — चाह। इच्छा।
(८६) दांत खुस्या = दांत ढीले हो गये। जर जरा = जर्जर। सींगा छोडी संध — सींगों ने संधि छोड़ दी (ढीले हो गये)। गळा = गले। बंध — बांधना।
(८७) तबलग — तभी तक। सरी गरज — गरज निकल जाने पर। किण ही — किसी को।
(८८) हुती — थी। ठौर — स्थान।
(८९) त्यार — तय्यार। कुछ = कोष। मंजार = बिल्ली।
(९०) अहि — सांप। रीझसूं — रीझकर। सहत — सहन करता है। न्रप — नृप। सो = वो नर।

धन बिन तन कूं देत है, पसु रीझ्यो उदैराज।
सो रीझ्यां धन का धणी, देत न मरत न लाज ॥१०१॥
ऊंधा मखातारां तणो जासी नाम निघट्ट।
जाण पखेरू ऊडिया मा लीहडी न वट्ट ॥१ २॥
खाणा पीणा खरचणा तिहूं चौथा देणा।
ऊंधा दुनिया न कुछ है आखर मर जाणा ॥१०३॥
खाया पीया खरच्या कहता है उदराज।
जिण खाया पीया नहीं तिण का कोण इलाज ॥१ ४॥
कूप पडै मखिया तरैं, बैठैं विसम जहाज।
उदैराज कह फिरत मर एक पेट के काज ॥१०५॥
मसणा सो डसणा नही डसणा मसणा नांय।
मुख मीठा उदैराज कह, है झूठा तनमांय ॥१ ६॥
पूत तजै परण्यो तजै तजै लोक की लाज।
एक-प्रीत के कारणे प्रीत मजब उदैराज ॥१०७॥

---

(१०१) तन कू = शरीर को। पसु — पशु ढोर। रीझ्यो — खुश होकर। धन का धणी — धन के मालिक।

(१ २) मखतारां — दान नहीं करने वाले। निघट्ट — नष्ट। जाण — जिस प्रकार। लीहडी — लकीर। वट — मार्ग (निशान)।

(१ ३) खाणु — पीणु — खाना पीना। खरचणा — खर्च करना। तिहुं — तीन। देणा — दान करना। आखर — आखिर।

(१ ४) खरच्या — खरचा। तिणका — उसका। कोण — क्या।

(१०५) कूप पडै — कुए में उतरता है। विसम — कठिन। एक पेट के काज —

(१ ६) मसणा — मसलते हैं। डसणा नहीं — काटते नहीं। मुख मीठा — जो मुंह पर मीठे होते हैं।

(१ ७) परण्यो — पति। लोक की लाज — लोक की लज्जा। मजब — मजीब।

कहा रूप से राचिये जो घट विमो न होय ।
कनक कटारी कवि उदै पेट न मारे कोय ॥१०८॥

और न कछू प्यारो नहीं ना कछु और अनूप ।
सब कुछ प्यारो है, उदा अपनी-अपनी चूप ॥१०९॥

तोड़ प्रीत फिर सांधिये तामें रहै न साज ।
जल ताता ठंडा किया स्वाद किसो उदराज ॥११०॥

अगन सोर, गज केहरी पाव-पवन थिर-मोड़ ।
उदैराज कैसे बणै प्रीत कपट एक ठौड़ ॥१११॥

सुगण न कीधा फूठरा निरगुण रूप पखाग ।
जगदीसर जसराज है दांतां पाइन भाग ॥११२॥

कांय करै अणुराव कोई पिसतावो करै ।
होणहार थिर थाय जाणहार जावै जसा ॥११३॥

निगुणां हूंदो नेह ऊगत दिन छाया इसो ।
सुगणां तणो सनेह, जसा ढळंती छांवड़ी ॥११४॥

---

(१०८) कहा—क्या । कनक कटारी—सोने की कटारी ।
(१०९) अनूप—सुन्दर । अपणी-अपणी—अपनी अपनी । चूप—चाव प्रेम ।
(११०) सांधिये—जोड़े । तामें—उसमें । जल—पानी । ताता—गर्म । किसो—कौन-सा ।
(१११) अगन सोर—अग्नि और शोरा । गज केहरी—हाथी और सिंह । पाव पवन—हवा ।
(११२) सुगण—गुणवान । कीधा—किए । फूठरा—सुन्दर । पखाण—पखाड़ बेहद । दांतां पाइन भाग—दांत तोड़ने के योग्य ।
(११३) कांय—क्या । अणुराव—ऐसा पुकारना । पिसतावो—पछतावा । होणहार—होनहार । थिर—अवश्य । थाय—होना ।
(११४) निगुणां—निगुणों का । हूंदो—होता है । ऊगत दिन—उगते दिन । सुगण—गुणवान । ढळंती—ढलती ।

एक-पखीणो नेह, प्रीत कियाँ पछताय जे।
दीपक देख पतंग बल-बल राख हुवे जसा ॥११५॥

सावणिया संसार को कीजे तो जोय नै।
नेह निभावणहार, जसा न बिसरै जीवता ॥११६॥

समझणहार सुजाण नर औसर चूके नहीं।
औसर रो अवसाण रहे घणां दिन राजिया ॥११७॥

जिणरो मनजळ जाय, जळ जिणरी खोटी करे।
जड़ा मूळ सूं जाय राम न राखे राजिया ॥११८॥

कुटळ निपट नाकार, नीच कपट छोड़े नहीं।
उत्तम करै उपकार रूठा तूठा राजिया ॥११९॥

सुख में प्रीत सवाय दुख में मुख टाळे दिये।
जो की कहूती जाय राम कचेड़ी राजिया ॥१२०॥

---

(११५) नेह-पखीणो — एकपक्षी। बल-बल — जल-जल जाना।

(११६) सावणिया — प्रियतम। जोय नै — देखभाल कर। नेह — प्रेम। निभावणहार — निभाने वाला। न बिसरै — न छोड़े। जीवता — जीने की।

(११७) समझणहार — समझदार। औसर — अवसर। अवसाण — अहसान घणां दिन — बहुत दिन तक।

(११८) जिणरो — जिसका। जळ — दूर। जिणरी — उसकी। खोटी करे — बुरी करे। जड़ा मूळ से — जड़ से।

(११९) कुटळ — कुटिल। निपट नाकार — बिलकुल निकम्मे। उत्तम करैं — भले आदमी। रूठा — नाराज होना। तूठा — उपकार करना प्रसन्न होना।

(१२) प्रीत सवाय — अत्यन्त प्रेम। दुख टाळो दिये — मुख छिपाना। जो — वह। की — क्या। कहती — कहेंगे। राम कचेड़ी — ईश्वर के दरबार में।

मुख ऊपर मिठियास घट मांही खोटा घड़े।
इसड़ा सूं इकलास राखीजै नहिं राजिया ॥१२१॥
उद्यम करो अनेक, अथवा अन उद्यम रहो।
होसी लहणे हेक राम करै सो राजिया ॥१२२॥
पढ़वो वेद पुराण सोरो इण संसार में।
वातां तणा विनाण रहस दुहेलो राजिया ॥१२३॥
कुछ सहज समुदाय गुण छोड़े अवगुण गहै।
जोंक चढ़ी कुच जाय रातो पीवे राजिया ॥१२४॥
गुण अवगुण जिण गाँव सुणे न कोई साँमळे।
उण नगरी बिच नाँव रोही आछी राजिया ॥१२५॥
मूरख टोळ तमाम धसकाँ राखे धनधणी।
मतराळो गुण धाम रांकोस्या मम राजिया ॥१२६॥
कारज सरै न कोय बळ प्राक्रम हिम्मत बिना।
हलकारयाँ की होय रंग्या स्याळाँ राजिया ॥१२७॥

---

(१२१) मुख ऊपर—मुंह पर। मिठियास—मीठी-मीठी बातें। घट—मन। सासूं—ऐसों से। इकलास—इखलास मित्रता प्रेम।

(१२२) उद्यम—प्रयत्न। होसी—होगा। लहणे निश्चय। रामकरे—जो परम करेगा।

(१२३) पढ़वो—पढ़ना। सोरो—सुगम। रहस—रहस्य। दुहेलो—कठि

(१२४) गहै—छोड़ते हैं। जोंक—जौंक। कुच—स्तन। रातो पी खून को पीती है।

(१२५) जिण गांव—जिस गाँव में। सुणे न कोई सांमळे—न कोई सुन और न समझता है। नांव—मत जाओ। रोही—जंगल अ आछी = अच्छा।

(१२६) टोळ—दल समुदाय। धसकाँ राखे—धप्पे मारा करता। धन धणी = बहुत हो।

(१२७) कारज सरै—कार्य होना। हलकारयां—ललकारने से। की होय या होता है। रंग्या स्याळ्याँ—रंगे हुए गीदड़।

मिले सिंह वन माय किण मिरगा मृगपत कियो।
जोरावर अति जाय रहे उरधगत राजिया ॥१२८॥

बल कुंजर कर जाय हाथल बल मोताहलां।
जो नाहर मर जाय रज भण भखे न राजिया ॥१२९॥

दाम न होय उदास मुतलब गुण-गाहक मिनख।
ओखद री कड़वास, रोगी गिणे न राजिया ॥१३०॥

गह भरियो गजराज मह पर वहै आपह मते।
कुकरिया बेकाज भगड़ भुंसे किम राजिया ॥१३१॥

असली री औलाद खून करयां न करे खता।
वाहे बदल वाद, रीझ दुलाठी राजिया ॥१३२॥

पल-पल में कर प्यार, पल पल में पलटे परा।
ये मुतलबरा यार, रहै न छाना राजिया ॥१३३॥

---

(१२८) किण — कौन। मृगपत — मृगपति। जोरावर — बलवान। उरधगत — ऊर्ध्वगति ऊर्ध्वारोहण।

(१२९) हाथल बल = पंजों का बल। मोताहलां — मोतियों वाला। नाहर — सिंह। रज — मिट्टी। भण = घास। भखे न — नहीं खाता।

(१३०) गुण-गाहक = गुणों का ग्राहक। मिनख — आदमी। ओखद — दवा औषध। गिणे — समझना।

(१३१) गहभरियो — मतवाला। गजराज — हाथी। महपर — पृथ्वी पर। वहै — चलता है। आपह मते — अपनी इच्छा से। कुकरिया — कुत्तियां। बेकाज = बिना काम। भगड़ भुंसे — यों ही भौंकना।

(१३२) असली री औलाद — अच्छे कुल में पैदा हुआ मनुष्य। खून करयां — बुरा व्यवहार करने पर। खता — बुराई। वाहे — मारना। रीझ — [illegible]। दुलाठी — दुलत्तियां।

(१३३) पल-पल में — पल पल में अर्थात क्षण में। पलटे परा — बदलते रहते हैं। मुतलब — मतलब। यार — दोस्त। रहै न छाना — प्रकट हो जाना।

पहली किया उपाव दव दुसमण आमय घटे ।
प्रचंड हुआ बस थाव रोका घाले राजिया ॥११४॥

भेक जतन सत एह, कूकर, कुगंध, कुमाणसां ।
